# गोविन्द बल्लभ कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, जिला–ऊधमसिंहनगर

## विज्ञापन संख्या 1/2024

विश्वविद्यालय के अधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा शत–प्रतिशत वित्त पोषित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर निम्नलिखित पदों हेतु उत्तराखण्ड के उपयुक्त नागरिकों से निम्न शर्तो/प्रतिबंधों के अधीन चयन हेतु नीचे दिये गये प्रारूप में (जो ए–4 कागज पर टंकित हो) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पदों का विवरण**

| क0सं0 | पद का नाम | वेतनबैड एवं ग्रेड वेतन/वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0 जाति | अ0ज0 | अ0पि0व0 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | सामान्य |
| 1. | वाहन चालक | रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 1900 स्तर–2 | 18 | 03+01 (01 महिला) = 04 | – | 02 | 01 | 08+03 (03 महिला) = 11 |

**शैक्षणिक योग्यता :**

**वाहन चालक** – साक्षर के साथ हल्का/भारी वाहन चलाने का वैध ड्राइविंग लाइसेन्स।

1. उपरोक्त पद पर नियुक्ति परियोजना अवधि तक के लिए प्रति वर्ष सेवा विस्तार के आधार पर होगी तथा सेवाएं Co-Terminus होंगी।
2. अनुदानक संस्था (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली) द्वारा परियोजना में उपरोक्त वाहन चालक के पदों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने, पदों को समाप्त करने, परियोजना के समाप्त होने अथवा किसी भी प्रकार के अन्य कारणों से नियोजित कार्मिकों की सेवाएं एक माह के नोटिस पर अथवा एक माह का वेतन अग्रिम भुगतान करने के उपरान्त समाप्त कर दी जायेंगी।

**अन्य निर्देश/शर्तें**

1. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, पद का नाम, श्रेणी अंकित किया जाये।
2. आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां, जाति–प्रमाण पत्र (जो उत्तराखण्ड के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़े वर्ग हेतु

उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं निर्धारित प्रारूप में हो), दो पासपोर्ट आकार के फोटो (एक अनुप्रमाणित, एक स्वप्रमाणित) संलग्न करना अनिवार्य है।

3. आवेदन पत्र के साथ इस विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के पक्ष में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पन्तनगर (कोड संख्या–1133) में भुगतान योग्य रू0 200/–(रूपया दो सौ मात्र) सामान्य/अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु एवं रू0 100/–(रूपया सौ मात्र) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रेखांकित बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक के कार्यालय में नकद भी जमा कराया जा सकता है जिसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जायेगा।
6. आवेदन पत्र दिनांक **30.11.2024** तक **संस्थापनाधिकारी, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला–ऊधमसिंहन नगर, उत्तराखण्ड–263145** के कार्यालय पते पर पहुंच जाने चाहिए। अपूर्ण तथा निर्धारित अंतिम तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
8. वर्तमान में सेवारत कर्मचारी यदि इच्छुक हों तो अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से ही प्रेषित करें।
9. अभ्यर्थियों की आयु दिनांक 01.07.2024 को 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।
10. विश्वविद्यालय के नियमित कर्मचारियों के लिए आयु सीमा में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।
11. उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। उत्तराखण्ड के स्वतत्रंता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अधिकतम् आयुसीमा में 5 वर्ष, समाज के विकलांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष, भूतपूर्व सैनिकों को निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी से निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने पर उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश दिनांक 24.06.2011 के अन्तर्गत ऊपरी आयु सीमा में केवल एक बार के लिए 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
12. विज्ञापन के संबंध में किसी प्रकार के विवाद पर निर्णय जिला ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड के क्षेत्रान्तर्गत होगा।
13. पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है तथा सक्षम नियुक्ति प्राधिकारी को इस संबंध में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होगा।

# आवेदन पत्र का प्रारूप

गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला ऊधम सिंह नगर –263145, उत्तराखण्ड विज्ञापन सं0, बैंक ड्राफ्ट/नकदी रसीद सं0, दिनांक, पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटो 1. पद का नाम एवं वेतनमान 2. प्रार्थी का नाम 3. माता–पिता/पति का नाम 4. जन्मतिथि अंको में, शब्दों में 5. राष्ट्रीयता 6. पत्र व्यवहार का पूरा पता टेलीफोन नं0 सहित 7. स्थाई निवास का पूरा पता टेलीफोन सं0 सहित 8.. क्या आप उत्तराखण्ड की अनु0जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों/समाज के विकलांग अभ्यर्थी/भूतपूर्व सैनिक या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से सम्बन्धित हैं, हाँ/नहीं, यदि हाँ तो उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र संलग्न करें। 9. शैक्षिक/तकनीकी योग्यताऐं, जिसमें परीक्षा/श्रेणी /उत्तीर्ण वर्ष का पूर्ण विवरण हो। 10. रोजगार अभिलेख जैसे नियोक्ता का नाम, पदनाम, वेतनमान, कार्यावधि, किए गए कार्य का विवरण, छोड़ने का कारण। 11. विश्वविद्यालय में कार्यरत संबंधियों का विवरण यदि कोई हो, नाम, पद, विभाग जहाँ कार्य कर रहे हैं, अभ्यर्थी से संबंध। 12.(अ) क्या आप कभी गिरफ्तार/बंदी बनाए गए हैं अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किए गए हैं। हाँ/नहीं (ब) क्या आप कभी इस विश्वविद्यालय द्वारा दंडित किये गए हैं। (स) क्या आप किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था से पदच्युत/सेवामुक्त किए गए हैं। यदि हाँ तो कृपया पूर्ण विवरण दीजिए। 13. सेवायोजन पंजीकरण संख्या, पंजीकरण का दिनांक एवं पंजीकरण की वैधता तिथि। **घोषणाः** मैं घोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण हैं तथा कोई तथ्य छिपाया/गलत ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया है। यदि किसी समय यह पाया जाए कि मैंने कोई सूचना छिपाई/गलत ढंग से प्रस्तुत की है तो मेरी सेवाएं बिना किसी नोटिस/क्षतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती हैं। यदि मेरी नियुक्ति आवेदित पद पर होती है तो मैं विश्वविद्यालय द्वारा नियत कार्य को सम्पादित करूँगा/करूँगी। दिनांक, प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर।

**संस्थापनाधिकारी**